न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त बीकानेर
पीठासीन अधिकारी नरेन्द्र सिह पुरोहित आर.ए.एस
अपील संख्या 62/2017 एल आर एक्ट
अनवान भजन सिह वगैरह बनाम सन्तोषराणी वगैरह

.तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियन्स जज	नम्बर व तारीख अहकाल जो इस हुक्म की तामील में जारी हुऐ
09–07–2018	अभिभाषक अपीलान्ट श्री विजय कुमार पारीक एडवोकेट द्वारा नोटप्रेस का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर पत्रावली आज तारीख पेशी में ली गई। अभिभाषक अपीलांट द्वारा प्रस्तुत नोटप्रेस प्रार्थना पत्र पर बहस सुनी गई। अभिभाषक अपीलांट ने प्रार्थना पत्र पर अंकित बिन्दुओ को दोहराते हुवे बहस के दोरान कंहा कि अपीलांट द्वारा जो इन्तकाल आदेश के विरूद्व अपील प्रस्तुत की है, का मूल वादपत्र निर्णित हो जाने से अपीलांट एव रेस्पोडेन्ट के साथ कोई विवाद नही रहा है। इसलिए अपीलांट अब इस अपील को आगे नही चलाना चाहते है। अतः अपील नोटप्रेस कर दाखिल दफ्तर फरमाई जावें। राजकीय अभिभाषक ने अभिभाषक अपीलांट द्वारा अपील नोटप्रेस करने पर (NO Objection) अनापत्ति किया। हमने अभिभाषक अपीलांट द्वारा प्रस्तुत नोटप्रेस प्रार्थना पत्र एव पत्रावली का अवलोकन किया। अभिभाषक अपीलांट द्वारा अपील को आगे नही चलाने एवं नोटप्रेस किये जाने के कारण यह अपील अपीलांट इसी स्तर पर खारिज की जाती है। आदेश खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली नम्बर से कम होकर आदेश की प्रमाणित प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का रिकार्ड वापिस लौटाया जाकर पत्रावली बाद तरतीब तकमील दाखिल दफ्तर हो। अति. संभागीय आयुक्त बीकानेर	